# द्वितीय सत्र (आदर्श प्रश्नपत्र)
## विषय – हिन्दी
## कक्षा – छठीं (प्रतिभा)

समय – 2:30 घंटे पूर्णांकः 50

**सामान्य निर्देश :–**

- *यह प्रश्नपत्र प्रतिभा समूह के लिए है।*
- *इस प्रश्नपत्र के चार खण्ड हैं – क, ख, ग तथा घ।*
- *यथा सम्भव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*
- *उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या (नंबर) अवश्य लिखिए।*
- *प्रत्येक उत्तर लिखने के बाद एक या दो लाइन छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर लिखिए।*

**खण्ड : 'क' व्याकरण**

1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए :– 1½

(i) दिए गए संकेतों के आधार पर खाली स्थान भरिए :–

(पेन्सिल, साइकिल, लड़के)

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| किताब | किताबें |
| ––––– | पेन्सिलें |
| लड़का | ––––– |
| ––––– | साइकिलें |

(ii) नीचे दिए गए वाक्यों के रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर पुनः लिखिए :– 1½

(चाची, अपनी, लड़की)

(1) विद्यालय में लड़कियाँ हैं।

(2) पीटर अपने चाचा के घर गया।

(3) रेशमा अपना पाठ याद कर रही है।

(iii) नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को संकेतों के आधार पर लिखिए :– 1½

(किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या इनकी जगह पर आने वाले शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द)

(1) दिल्ली एक प्रसिद्ध शहर है।

(2) दिनेश एक अच्छा खिलाड़ी है।

(3) सीमा मधुर गीत गाती है।

(iv) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए :— 1½

(1) सजावट → आवट

(2) रोगी → ————————

(3) पथरीला → ————————

(4) बलवान → ————————

(v) उपसर्ग का प्रयोग करके नए शब्द बनाइए :— 2

अन + मोल = अनमोल

(1) उप + —————— = ——————

(2) प्र + —————— = ——————

(3) सु + —————— = ——————

(4) दु + —————— = ——————

(vi) नीचे लिखे वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :— 2

(1) जो सब कुछ जानता हो —

(2) जो पढ़ना न जानता हो —

(3) जो कभी न मरे —

(4) जो दूर तक देखता हो —

**खण्ड : 'ख' पठित/अपठित बोध**

2. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :— 5

अब राजप्पा को कोई नहीं पूछता। आजकल सबके सब नागराजन को घेरे रहते। नागराजन घमण्डी हो गया है; राजप्पा सारे लड़कों में कहता फिरता। पर लड़के भला कहाँ उसकी बातों पर ध्यान देते। नागराजन के मामा जी ने सिंगापुर से एक एलबम भिजवाया था। वह लड़कों को दिखाया करता। सुबह पहली घण्टी के बजने तक सभी लड़के नागराजन को घेर एलबम देखा करते। आधी छुट्टी के वक्त भी उसके आस—पास लड़कों का जमघट लगा रहता। कई लोग टोलियों में उसके घर तक हो आए।

(i) आपके विचार से नागराजन को सब क्यों घेरे रहते थे? क्या आपकी कक्षा में ऐसा देखने में आता है?

(ii) राजप्पा नागराजन को सारे लड़कों में घमण्डी कहता फिर रहा था; क्या आपकी कक्षा में किसी अन्य बच्चे की शिकायत की जाती है?

(iii) नागराजन के मामा जी कहाँ रहते थे? वहाँ से उन्होंने नागराजन के लिए क्या भिजवाया? आपके मामा जी कहाँ रहते हैं?

(iv) सुबह पहली घण्टी बजने तक सभी बच्चे क्या किया करते थे? आप अपनी कक्षा के बच्चों के साथ क्या करते हो?

(v) आधी छुट्टी के आस–पास लड़कों का जमघट कहाँ लगा रहता था? आप अपनी आधी छुट्टी के वक्त क्या करते हो?

3. नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 5

ज्यों निकलकर बादलों की गोद से
थी अभी एक बूँद कुछ आगे बढ़ी
सोचने फिर फिर यही जी में लगी
आह क्यों घर छोड़कर मैं यो कढ़ी

देव मेरे भाग्य में है क्या बदा
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में
या जलूँगी फिर अँगारे पर किसी
चू पड़ूंगी या कमल के फूल में

(i) एक बूँद किसकी गोद से निकली? आपको सबसे प्यारी गोद किसकी लगती है?

(ii) ''देव मेरे भाग्य में है क्या बदा'' रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(iii) ''आह क्यों घर छोड़कर मैं यो कढ़ी'' वाक्य में पछतावा दिखता है; आपको अपने दैनिक जीवन में ऐसा कब–कब लगता है?

(iv) अँगारे का काम है जलाना; इसी तरह से ठंडक देने का कार्य किसका है?

(v) ''मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में'' ''धूल में मिलना'' एक मुहावरा है। इस मुहावरे का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

## खण्ड : 'ग' पाठ्यपुस्तक

4. नीचे लिखे गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 10

(i) नागराजन के एलबम के प्रसिद्ध हो जाने पर राजप्पा के मन की क्या दशा हुई? आपकी कक्षा में किसी साथी के अच्छे व सुन्दर बैग को देखकर आपको कैसा लगता है?

(ii) ''चमक उठी सन सत्तावन में; वह तलवार पुरानी थी'' वाक्य में सत्तावन का क्या अर्थ है? अपने जन्म के वर्ष को आप कैसे लिखेंगे?

(iii) आँख से देखकर चीजों के बारे में जाना जाता है। चीजों को और किन तरीकों से पहचाना और जाना जा सकता है?

(iv) दुनिया का पुराना हाल किन–किन चीजों से जान सकते हैं? कुछ चीजों के नाम लिखिए।

(v) ''मैं सबसे छोटी होऊँ'' कविता में छोटे होने की बात क्यों की गई है? आप सबसे छोटे होते तो क्या होता?

(vi) लोकगीत किसे कहते हैं? आपने रागनी सुनी होगी, सिनेमा के गीत से यह किस तरह से अलग है?

5. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 6

(i) आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने कौन–कौन सा काम करवाया? आप अपने विद्यालय में तथा कक्षा में कौन–कौन सा काम करते हैं?

(ii) ''वन के मार्ग में'' पाठ के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। किसी देखे गए पार्क के बारे में अपने विचार लिखिए।

(iii) बाँस भारत के किन भागों में बहुतायत होता है? बाँस के प्रयोग से वहाँ के लोगों के जीवन स्तर पर क्या प्रभाव देखा जाता है? आप के घर में बाँस की बनी वस्तुओं के बारे में बताइए।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए :– 4

(i) केशव तथा श्यामा ने अण्डों के बारे में क्या–क्या अनुमान लगाए? यदि उनकी जगह पर आप होते तो क्या अनुमान लगाते?

(ii) ''पार नजर के'' कहानी के अनुसार मंगल ग्रह पर कभी आम जीवन था। वह नष्ट कैसे हो गया? पृथ्वी पर जनजीवन के आधार पर सम्भावित उत्तर क्या–क्या हो सकते हैं?

## खण्ड : 'घ' सृजनात्मक लेखन

7. ''कभी–कभी आपके मोहल्ले में आपको काफी गंदगी दिखाई पड़ती है; जिससे निवासियों को काफी असुविधा होती है। इसमें नाली से निकली गाद भी प्रमुख होती है।'' अपने मोहल्ले की सफाई के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

पानी जीवन के लिए बहुत जरूरी है। घर हो या स्कूल पानी की जरूरत हर जगह पड़ती है। विद्यालय में पानी की उचित व्यवस्था के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखिए।

8. परिवार हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है, जहाँ से हमें हर सुविधा मिलती है। सुरक्षा, सीख, देखरेख जैसे कार्य परिवार में ही सम्भव है। इस विषय पर एक निबंध लिखिए ।

अथवा

9. विद्यालय सीखने का सबसे बड़ा केन्द्र है। यहाँ पर हम जीवन जीने तथा बर्ताव करने के तरीके सीखते हैं। जीवन–यापन के हुनर विद्यालय में सिखाए जाते हैं। इस विषय पर निबंध लिखिए।

## द्वितीय सत्र (आदर्श प्रश्नपत्र)
## विषय–हिन्दी
## कक्षा–छठीं(निष्ठा)

समय – 2:30 घंटे | पूर्णांकः 50

### खण्ड : 'क' व्याकरण

**सामान्य निर्देश :–**

- *इस प्रश्नपत्र के चार खण्ड हैं – क, ख, ग तथा घ।*
- *यथा सम्भव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*
- *उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या (नंबर) अवश्य लिखिए।*
- *प्रत्येक उत्तर लिखने के बाद एक या दो लाइन छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर लिखिए।*

1.

(i) निम्नलिखित विकल्पों में से चुनकर खाली जगहों में उचित व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखिएः– 2

विकल्प :– विज्ञान, हिंदी, मेरठ, सलमान

(1) विजय और –––––– बाजार जा रहे थे।

(2) दिल्ली और –––––– शहर हैं।

(3) मुझे –––––– की कक्षा अच्छी लगती है।

(4) हमारे देश की राजभाषा –––––– है।

(ii) निम्नलिखित विकल्पों में से खाली जगहों में उचित विशेषण का प्रयोग कीजिए :– 2

विकल्प :– चाचा, पचास, बहुत, दो, कच्चा, मेरी

मैं और –––––– बहन बाजार गए। बाजार में –––––– भीड़ थी। हमने वहाँ से –––––– रूपये में –––––– दर्जन केले खरीदे।

(iii) नीचे दिए गए उपसर्ग और प्रत्यय की सहायता से शब्द बनाइए :– 2

अ, वि, कार, वान

(iv) निम्नलिखित उदाहरण की तरह रेखांकित का वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए :– 2

उदाहरण :– बहुत सारे बच्चे खेल रहे हैं।

एक बच्चा खेल रहा है।

(1) लड़कियों को पढ़ाओ।

(2) यह हमारा परिवार है।

(v) नीचे दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए :– 2

(1) चाँद के आकार का –

(2) जो चमकता हो –

## खण्ड : 'ख' पठित/अपठित बोध

2. 'झाँसी की रानी' कविता से नीचे दिए गए अंश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 5

''लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार
देख मराठे पुलकित होते उनकी तलवारों के वार,
नकली युद्ध, व्यूह की रचना और खेलना खूब शिकार,
सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना, ये थे उसके प्रिय खिलवार।''

(i) इस कविता की रचनाकार कौन हैं?

(ii) लक्ष्मीबाई को क्या–क्या पसंद था?

(iii) आपको क्या–क्या खेलना पसंद है?

(iv) आपके बचपन के खेल और लक्ष्मीबाई के बचपन के खेलों में क्या अंतर है?

(v) लक्ष्मीबाई को दुर्गा क्यों कहा गया है?

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 5

अनवर और हरि जिगरी दोस्त थे। एक दिन वे कहीं जा रहे थे। रास्ते में उन्हें सड़क पर नोटों से भरा हुआ बटुआ मिला। हरि ने कहा – ''इस पैसे से होटल में खाना खायेंगे। खूब मजे करेंगे।'' अनवर ने उसे घूरकर देखा और बोला – ''बिल्कुल नहीं। यह पैसा किसी और का है। हमें इसे लौटा देना चाहिए।'' हरि उदास हो गया। लेकिन वह अनवर की बात काट नहीं सका।

(i) अनवर और हरि को सड़क पर क्या मिला?

(ii) बटुए के पैसों से हरि क्या करना चाहता था?

(iii) हरि उदास क्यों हो गया?

(iv) हरि अनवर की बात क्यों नहीं काट सका होगा?

(v) अगर आप अनवर की जगह होते तो क्या करते?

## खण्ड : 'ग' पाठ्यपुस्तक

4. नीचे लिखे गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 10

(i) 'बचपन में कृष्णा सोबती चश्मा लगाती थीं। जिसके लिए उन्हें उनके भाई चिढ़ाते थे।' अगर आपको कोई किसी भी कारण चिढ़ाए तो आप क्या करेंगे?

(ii) नागराजन को पता चल जाता कि उसका टिकट–अलबम राजप्पा ने जला दिया है, तो नागराजन क्या करता?

(iii) 'प्रकृति का जादू' किसे कहा गया है?

(iv) भारत को 'बूढ़ा' और उसमें 'नयी जवानी' आने की बात कहकर सुभद्रा कुमारी चौहान क्या बताना चाहती हैं?

(v) बहुत पहले जब मनुष्य जंगलों और गुफाओं में रहता था तो उसे आग जलाने से क्या–क्या फायदा होता था? कोई दो बताइए।

(vi) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता में सबसे छोटी होने की बात क्यों की गई है?

5. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 6

(i) आपके परिवार में किन–किन अवसरों पर गीत/गाना गाया और बजाया जाता है। किन्हीं तीन अवसरों का नाम लिखिए।

(ii) नीचे दिए गए तालिका में लिखे कामो को आपके घर में जो सदस्य करते हैं उनके आगे (✓) चिह्न लगाइए।

| **घर के काम** | **परिवार के सदस्य** | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. घर का सामान लाना | मैं | दादी | दादा | माँ | पिता | बहन | भाई | चाचा | अन्य |
| 2. पैसा कमाना | | | | | | | | | |
| 3. बर्तन धोना | | | | | | | | | |
| 4. खाना बनाना | | | | | | | | | |
| 5. कपड़े धोना | | | | | | | | | |
| 6. घर की सफाई करना | | | | | | | | | |

(iii) 'अब और कितनी दूर चलना है, पर्णकुटी कहाँ बनाइएगा?' – 'वन के मार्ग में' के आधार पर बताइए कि यह बात किसने, किससे और क्यों पूछी?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए :– 4

(i) आपने बाँस से बनाई गई किन–किन चीजों को देखा है? आपको इनमें से सबसे अच्छी चीज क्या लगती है और क्यों?

(ii) छोटी मछली को पकड़ने के लिए इसे पानी की सतह पर रखा जाता है या फिर धीरे–धीरे चलते हुए खींचा जाता है। बाँस की खपच्चियों को इस तरह बाँधा जाता है कि वे एक शंकु (▽) का आकार ले लें। इस शंकु (▽) का ऊपरी सिरा अंडाकार होता है। निचले नुकीले सिरे पर खपच्चियाँ एक दूसरे से गुँथी होती हैं।'



ऊपर की पंक्तियों को पढ़कर नीचे दिए गए उदाहरण के अनुसार 'क्या–कैसे' से एक–एक प्रश्न बनाइए। आप चाहें तो किसी अन्य प्रश्न वाचक सर्वनाम का भी प्रयोग कर सकते हैं।

उदाहरण :– **(क्यों से प्रश्न) निचले नुकीले सिरे**  **पर खपच्चियाँ एक दूसरे से क्यों गुँथी हुई होती हैं।**

**खण्ड : 'घ' रचनात्मक लेखन**

7. नीचे दिए गए पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए :– 5

(i) आपको प्रगति–4 की पुस्तक अभी तक नहीं मिली है। अतः इसकी प्राप्ति के लिए कक्षाध्यापक को पत्र लिखिए।

(ii) कक्षाध्यापक को जन्मदिवस पर बधाई पत्र लिखिए।

8. संकेत वाक्यों के आधार पर नीचे दिए गए निबंधों में से किसी पर निबंध लिखिए(200 शब्दों में):– 5

(i) आप दिल्ली के चिड़ियाघर की सैर पर गए। वहाँ आपने बहुत अलग–अलग तरह के जानवर और पक्षी देखे। वहाँ बहुत सारे लोग आए थे। आपने बहुत मजे किये। अपनी इस सैर पर एक निबंध लिखिए।

(ii) इस दीपावली के बाद दिल्ली में बहुत ज्यादा वायु प्रदूषण हो गया था। क्योंकि बहुत सारे पटाखें फोड़े गए और हवा भी ठहरी हुई थी। दिल्ली के वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारण और इसका समाधान बताते हुए निबंध लिखिए।

# द्वितीय सत्र (आदर्श प्रश्नपत्र)
## विषय–हिन्दी
## कक्षा–छठीं (नवनिष्ठा)

समय – 2:30 घंटे | पूर्णांकः 50

प्राप्तांक ———

**निर्देश–**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

नाम :– ____________________ अनुक्रमांक ________

### खण्ड : 'क' व्याकरण

1. दिए गए अक्षरों से अपने दो साथियों के नाम लिखिए :– 1

अ ने र ह
मा स श वि आ
शा ल प्र य ई
ता म का ज धा
गी दि ली न रा
जे व

(i) ____________________

(ii) ____________________

2. 'प्र' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए :– 1

(i) ____________________

(ii) ____________________

3. नीचे दिए गए शब्दों में से उपसर्ग अलग करके लिखिए :– 1

(i) अज्ञान ______________

(ii) सुपुत्र ______________

4. नीचे दिए गए शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए :– 1

(i) चमकीला ______________

(ii) सब्जीवाला ______________

5. दिए गए प्रत्ययों से एक–एक शब्द बनाइए :– 1

(i) ता ______________

(ii) दार ______________

6. नीचे दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखिए :– 1

(i) कबूतर उड़ गया। ______________________________________

(ii) आपकी किताब कहाँ है? ______________________________________

7. रेखांकित शब्दों के वचन परिवर्तित करके वाक्यों को पुनः लिखिए। 2

(i) बच्चे पढ़ रहे हैं। ______________________________________

(ii) घोड़ा चना खा रहा है। ______________________________________

8. रेखांकित शब्दों के लिंग परिवर्तित करके वाक्यों को पुनः लिखिए। 2

(i) मेरी दादी बहुत अच्छा खाना बनाती हैं। ____________________________

(ii) छोटी लड़की दौड़ कर आ रही है। ____________________________

**खण्ड : 'ख' पाठ्यपुस्तक**

9. नीचे बनी टोकरी में से सही शब्द छाँटकर दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए :– 2




| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| संग | ____________ | स्वतंत्रता | ____________ |
| गगन | ____________ | रण | ____________ |

10. पठित पाठ के आधार पर उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 4

(i) दोनों बच्चों की ____________ दिन–दिन बढ़ती जाती थी। (जिज्ञासा / भूख)

(ii) ____________ दोनों हाथों से स्टूल पकड़े हुए थी। (कविता / श्यामा)

(iii) ब्याह हुआ रानी बन आई ____________ झाँसी में। (लक्ष्मीबाई / रानाबाई)

(iv) इंग्लैण्ड केवल एक छोटा सा ____________ है। (टापू / टोपी)

11. दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :– 4

(i) बाँस – ________________________________________________

– ________________________________________________

(ii) अक्षर – ________________________________________________

– ________________________________________________

(iii) अलबम – ________________________________________________

– ________________________________________________

(iv) घुड़की – ________________________________________________

– ________________________________________________

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :– 10

(i) रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व की कौन सी खूबी आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों?

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

(ii) केशव से क्या गलती हो गयी थी? अगर आप से ऐसी गलती हो जाती तो आप क्या करते?

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

(iii) राजप्पा ने नागराजन के अलबम को अंगीठी में डाल दिया था। राजप्पा का यह काम आपको सही लगता है या गलत? कारण सहित उत्तर दीजिए।

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

(iv) आपके अनुसार झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को कवयित्री ने 'मर्दानी' कहकर क्यों संबोधित किया होगा?

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

(v) भारत के जिन राज्यों में बाँस बहुतायत से उगता है, उनमें से किन्हीं चार के नाम लिखिए।

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

(vi) लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर' किस–किस को कहा है? इनसे हम ज्ञान कैसे प्राप्त कर सकते हैं? 'संसार पुस्तक है' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

## खण्ड : 'ग' पठित/अपठित बोध

13. अपठित गद्यांश :–

लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं ये। त्योहारों और विशेष अवसरों पर ये गाए जाते हैं। इनकी रचना अधिकतर गाँव के लोग ही करते हैं। स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है। लोकगीत ढोलक, करताल, बाँसुरी आदि साधारण बाजों की मदद से गाए जाते हैं। 5

(i) लोकगीत क्या है?

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

(ii) लोकगीत किस अवसर पर गाए जाते हैं?

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

(iii) लोकगीत की रचना में किसने विशेष भाग लिया है?

_______________________________________________

_______________________________________________

(iv) गद्यांश में से ढूँढ़कर किन्हीं दो बाजों के नाम लिखिए।

(क) ____________ (ख) ____________

(v) इस गद्यांश का शीर्षक दीजिए।

____________

14. पठित पद्यांश :–

हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में,
ब्याह हुआ रानी बन आई लक्ष्मीबाई झाँसी में,
राजमहल में बजी बधाई खुशियाँ छाई झाँसी में,
सुभट बुंदेलों की विरूदावलि–सी वह आई झाँसी में।

उपरोक्त पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 5

(i) लक्ष्मीबाई रानी बनकर कहाँ आई थीं?

_______________________________________________

(ii) राजमहल में बधाई क्यों बजी?

_______________________________________________

_______________________________________________

(iii) वीरता की सगाई वैभव के साथ होने का क्या आशय (मतलब) है?

_______________________________________________

_______________________________________________

(iv) अगर रानी लक्ष्मीबाई आपके सामने आ जाएँ तो आप उनसे क्या प्रश्न पूछना चाहोगे?

_______________________________________________

_______________________________________________

(v) 'सुभट' शब्द का अर्थ लिखिए।

_______________________________________________

## खण्ड : 'घ' लेखन

15. आप अपनी कक्षा में एक पुस्तक कोना बनाना चाहते हैं। इसके लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु अपने कक्षाध्यापक को एक पत्र लिखिए। 5

____________________

____________________

____________________

____________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

____________________

____________________

____________________

____________________

16. दोस्तो, आपने पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का नाम तो सुना ही होगा। कहते हैं कि उन्हें बच्चों से बहुत प्यार था। आज भी बच्चे प्यार से उन्हें चाचा नेहरू कहते हैं आप उनके बारे में जो भी जानते हैं, विस्तार से लिखिए। 5

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________